व्याख्या – राजस्थान मे तीव्र औद्योगिक विकास करने के उद्देश्य से राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम लि. (रीको) की स्थापना 1969 में की गई तथा इसे भारतीय कम्पनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत एक सार्वजनिक कम्पनी का दर्जा प्रदान किया गया। रिको द्वारा राज्य में कृषि आधारित उद्योगों के लिए कोटा, जोधपुर, गंगानगर व अलवर में एग्रो फूड पार्क की स्थापना की गई है।

2102. सुमेलित कीजिए –

सूची-I (मद)	**सूची-II (जिले)**
(A) नमदा	1. जयपुर
(B) डोरिया	2. टोंक
(C) अजरका	3. बाड़मेर
(D) मार्बल-मूर्ति निर्माण	4. बीकानेर
	5. कोटा

कूट :

	(A)	**(B)**	**(C)**	**(D)**
(a)	2	5	3	1
(b)	4	3	2	5
(c)	3	2	5	4
(d)	1	4	3	2

उत्तर – (a)

RPSC RAS/RTS 2012

व्याख्या – सही सुमेल है –

मद		**जिले**
नमदा	–	टोंक
डोरिया	–	कोटा
अजरका	–	बाड़मेर
मार्बल-मूर्ति निर्माण	–	जयपुर

(xxii) राजस्थान : अनुसंधान

2103. राजस्थान में सब्जी उत्कृष्टता केन्द्र स्थापित किया गया है-

(a) उदयपुर में (b) कोटा में
(c) जयपुर में (d) बूंदी में

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-D

Ans. (d) : राजस्थान में पहला सब्जी उत्कृष्टता केन्द्र बूंदी में स्थापित किया गया है। बूंदी शहर के छत्रपुरा रोड पर स्थित ईश्वरी फ्लोधान में यह सब्जी उत्कृष्टता केन्द्र बनाया गया है। इसे अनुसंधान केन्द्र के रूप में भी विकसित किया जा रहा है।

2104. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?

(a) राष्ट्रीय ऊँट अनुसंधान केंद्र बीकानेर में स्थित है
(b) राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केन्द्र बारां में स्थित है
(c) केन्द्रीय पशु प्रजनन केन्द्र चित्तौड़गढ़ में स्थित है
(d) केंद्रीय भेड़ प्रजनन केन्द्र चुरू में स्थित है

RPSC Librarian Gr-III 11-09-2022 Shift-I
पशुधन सहायक भर्ती परीक्षा- 2018
LivStock Assistant- 2016
RPSC- 1996

Ans. (a) : भारत सरकार ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अधीन बीकानेर में ऊँट परियोजना निदेशालय की स्थापना 5 जुलाई 1984 को की थी। यह केन्द्र बीकानेर से लगभग 10 किमी. की दूरी पर जोहड़बीड़ क्षेत्र में स्थित है जिसे 20 सितम्बर, 1995 को राष्ट्रीय ऊँट अनुसंधान केन्द्र नाम दिया गया।

2105. भारतीय रेल अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र अवस्थित है-

(a) उदयपुर में (b) जयपुर में
(c) जोधपुर में (d) पचपदरा में

कनिष्ठ लिपिक अभियन्ता 18-05-2022

Ans. (d) : भारतीय रेल अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र राजस्थान के बाड़मेर जिले के पचपदरा नामक स्थान पर स्थित है। राजस्थान के जयपुर में उत्तर पश्चिम रेलवे मण्डल का मुख्यालय स्थित है।

2106. केंद्रीय शुष्क बागवानी संस्थान स्थित है

(a) जोधपुर (b) श्रीगंगानगर
(c) सवाई माधोपुर (d) बीकानेर

RPSC OAA-2018 Ag. Deptt (Part-1) 17-10-2022
RPSC Vanrakshak- 2022 (Shift-II)
वनपाल भर्ती परीक्षा-2020
पुस्तकलयाध्यक्ष ग्रेड सी 19.09.2020
कनिष्ठ अभियंता- 2020
कनिष्ठ अनुदेशक- 2018
LDC- 2018
RPSC College Lecturer- 2015

Ans. (d) : केंद्रीय शुष्क बागवानी संस्थान बीकानेर में स्थित है। इसकी स्थापना 1943 ई. में की गयी थी। इसका प्रमुख उद्देश्य योजनाबद्ध तरीके से शुष्क क्षेत्र में बागवानी फसलों के उत्पादन के लिए तकनीक उपलब्ध कराना है। यह शुष्क बागवानी फसलों के लिए नेशनल जीन बैंक के रूप में भी काम करता है।

2107. 'राष्ट्रीय सरसों अनुसंधान केन्द्र' राजस्थान के किस स्थान पर स्थित है?

(a) नदबई, भरतपुर (b) सेवर, भरतपुर
(c) नोह, भरतपुर (d) डीग, भरतपुर

RPSC OAA-2018 Ag. Deptt (Part-1) 17-10-2022
प्रयोगशाला सहायक 30-06-2022
कनिष्ठ अभियंता (विद्युत) 2020
कृषि परिवेक्षक- 2018
RPSC- 1997-98

Ans. (b) : 'राष्ट्रीय सरसों अनुसंधान केन्द्र' राजस्थान के भरतपुर के सेवर में स्थित है। इसकी स्थापना 20 अक्टूबर, 1993 में की गई थी।

2108. राजस्थान में हाइड्रोलॉजी एण्ड वॉटर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट अवस्थित है–

(a) कोटा में (b) गंगानगर में
(c) बीकानेर में (d) जोधपुर में

RPSC Van Rakshat Exam 13.11.2020 Shift-II

Ans. (c) : राजस्थान में हाइड्रोलॉजी एण्ड वॉटर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट बीकानेर में अवस्थित है। वर्ष 2011-12 के बजट में राजस्थान सरकार द्वारा इसकी स्थापना संबंधी प्रावधान किया था। इसका प्रमुख कार्य है–राज्य के विभिन्न हितधारकों की जरूरतों के लिए सतह और भूजल संसाधनों के इष्टतम उपयोग के लिए रणनीति तैयार करना तथा पानी की कमी की समस्याओं को दूर करने के लिए कदम उठाना।